राजधानी
वर्ष 12 | अंक 61 | पृष्ठ : 16+8=24
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
सोमवार, 26 अगस्त 2019







## एकेटीयू : कॉलेजों में प्रतिदिन चेक की जाएगी शिक्षकों की उपस्थिति और वैधता

# ऑनलाइन उपस्थिति भेजने वाले शिक्षक ही माने जाएंगे वैध

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने सत्र 2019-20 में कॉलेजों के शिक्षकों को प्रतिदिन अपनी उपस्थिति ऑनलाइन भेजने के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय इन्हीं शिक्षकों को वैध मानकर परीक्षा और मूल्यांकन जैसी जिम्मेदारी देगा। बता दें कि विश्वविद्यालय ने यह व्यवस्था पिछले सत्र में ही लागू की थी, पर इस बार इसे सख्ती से लागू की गई है।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि अभी तक कालेजों में कागजों पर ही शिक्षकों की तैनाती की शिकायतें मिल रही थीं। इसके लिए सभी निदेशकों से कहा गया है कि जिन शिक्षकों की उपस्थिति प्रमाणित की जा रही है, वही वैध माने जाएंगे। इन्हीं से प्रयोगात्मक, आंतरिक, मूल्यांकन, परीक्षक, सेंटर सुपरिंटेंडेंट और सहायक सेंटर सुपरिंटेंडेंट का कार्य लिया जाएगा। इससे जहां कक्षाओं को नियमित करने में सहायता मिलेगी, वहीं शिक्षकों की भी उपस्थिति चेक की जाएगी। वहीं, विद्यार्थियों की प्रॉपर उपस्थिति की सूचना न आने पर उन्हें परीक्षा देने से रोका जाएगा।

**इन्हीं शिक्षकों को दी जाएगी परीक्षा और मूल्यांकन से जुड़ी जिम्मेदारी**

**कलाम स्टार्टअप परिक्रमा से जुड़ी कार्यशाला आज :** विश्वविद्यालय की ओर से टिक्विप थ्री के तहत डॉ. कलाम स्टार्टअप परिक्रमा के अंतर्गत स्टार्टअप के तहत टार्गेट ऑडियंश को चयनित करने से संबंधित कार्यशाला का आयोजन 26 अगस्त को किया जा रहा है। एसआर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों से ऑनलाइन इंट्री मंगवाई गई हैं। इसमें टॉप थ्री विचारों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

## आर्ट, कल्चर एंड स्पोर्ट्स फेस्ट 24 सितंबर से

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने नए सत्र 2019-20 में आर्ट्स एंड कल्चरल, स्पोर्ट्स, टेक्निकल, लिटरेरी, मैनेजमेंट फेस्ट 24 सितंबर से आयोजित किया जाएगा। एकेटीयू ने इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर कॉलेजों को इसमें शामिल होने के निर्देश दिए हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 अक्तूबर से होंगी।

**आठ जोन में होंगी प्रतियोगिताएं, राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा 12 अक्तूबर से**

रजिस्ट्रार नंदलाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताएं आठ जोन आगरा, प्रयागराज, बरेली, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ व मेरठ में होंगी। स्पोर्ट्स फेस्ट 24 से 26 सितंबर तक, तकनीकी, साहित्यिक व मैनेजमेंट फेस्ट 8-9 नवंबर व कला व सांस्कृतिक फेस्ट 7-8 फरवरी को होगा। केंद्रों का निर्धारण हो चुका है। इसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 12 अक्तूबर से प्रस्तावित हैं। स्पोर्ट्स फेस्ट बीबीडी एनआईटीएम में 12 से 14 अक्तूबर तक होंगी। तकनीकी, साहित्यिक व मैनेजमेंट फेस्ट 22-23 नवंबर को सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में। कला व सांस्कृतिक फेस्ट 25-26 फरवरी को फैकल्टी ऑफ आर्कीटेक्चर एंड प्लानिंग में होगा। इस प्रतियोगिता में जहां कॉलेजों के काफी विद्यार्थी शिरकत करते हैं वहीं विभिन्न स्तर पर विजेता होने पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। ब्यूरो